# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए अमेरिका व ब्रिटेन जाएंगे सीएम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में रोड शो केलिए अमेरिका और ब्रिटेन जाएंगे। गुजरात चुनाव के सीएम के कार्यक्रम तय होते ही तिथियों को अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

उद्योग विभाग ने मुख्यमंत्री समेत विभिन्न मंत्रियों के विदेशों में रोड शो के लिए प्रस्तावित कार्यक्रम का मसौदा तैयार कर लिया है, हालांकि अभी तक इसे अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है। प्रदेश सरकार पहले ही घोषणा कर चुकी है कि समिट के लिए अधिक निवेश देने की संभावना वाले 20 देशों में रोड शो का होगा, जिसमें मुख्यमंत्री के अलावा दोनो डिप्टी सीएम और मंत्री भी जाएंगे। उनके अलग-अलग देशों के कार्यक्रम तय होंगे। नवंबर में विदेश के और दिसंबर में राज्यों के दौरा करने का कार्यक्रम है। डिप्टी सीएम केशव मौर्य नीदरलैंड व फ्रांस जाएंगे। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और मत्स्य विकास मंत्री का मैक्सिको, ब्राजील और अर्जेंटीना का कार्यक्रम प्रस्तावित है। शासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम प्रस्तावित किए गए हैं, लेकिन अभी तक इन्हें फाइनल स्वरूप नहीं दिया जा सका है। ब्यूरो



**जल्द तय होंगी तिथियां, तैयारी में जुटे अफसर**

## माघ मेले में श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त इंतजाम करें

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में माघ मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश दिए। शनिवार को आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि मेले की तैयारियां समय पर पूरी की जाए ताकि प्रत्येक श्रद्धालु, कल्पवासी आस्था के अनुसार व्रत एवं संकल्प कर सकें। उन्होंने साधु-संतों और कल्प वासियों से संवाद बनाने माघ मेला के सुचारु आयोजन के लिए विशेष सचिव और पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी की तैनाती तत्काल करने के भी निर्देश दिए। कहा, मेले की व्यवस्था के प्रति इन अधिकारियों की जवाबदेही होगी। उन्होंने कोरोना, डेंगू व अन्य संचारी रोगों से बचाव के लिए सफाई, सैनिटाइजेशन कार्य जारी रखने और मेला क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने प्रयागराज माघ मेले के साथ सभी मेलों, पर्वों व त्योहारों पर बिजली की निर्बाध आपूर्ति करने के भी निर्देश दिए। ब्यूरो